समर एक्सक्लूसिव पार्सल स्कैनिंग की जितनी बड़ी जिम्मेदारी, उतनी बड़ी लापरवाही! रेलवे पार्सल स्कैनिंग ठेकेदार एजेंट के कर्मियों की नहीं है पुलिस वेरिफिकेशन

स्टैंप लगाने वालों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी नहीं, अधिकारियों से बात हो गई हैः रविंदर प्राइवेट ठेकेदार

सुनील | लुधियाना
समर न्यूज

सुरक्षा के मध्य नजर पार्सल की स्कैनिंग का जिम्मा बेहद जिम्मेदारी वाला है। लेकिन इस जिम्मेदारी वाले पहलू पर इस कदर लापरवाही की जा रही है कि यह कोई मजाक हो।

क्योंकि लुधियाना रेलवे स्टेशन पर स्कैनिंग का ठेका लेने वाले प्राइवेट एजेंट ने खुद ही माना है कि उसके पास काम करने वाले कर्मियों की पुलिस वेरीफिकेशन नहीं है। इतनी बड़ी लापरवाही पर रेलवे के बुद्धिजीवी अधिकारी भी आंखें मूंदे बैठे हैं। क्योंकि बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रेलवे स्टेशन पर काम करना किसी नियम कायदे में है ही नहीं, तो लुधियाना पार्सल स्कैनिंग जैसी बड़े जिम्मेदारी पर रेल अधिकारी कैसे आंखें मूंदे बैठे हैं। क्योंकि जिन लोगों के पास स्कैनिंग वाली स्टैंप है वह लोग अगर किसी गलत पार्सल पर अपनी मनमर्जी से स्टैंप लगा दे तो अंजाम गंभीर हो सकता है। रेलवे के ही लोगों का मानना है कि इस नियम को तक पर इसलिए रखा जा रहा है क्योंकि ठेका लेने वाली प्राइवेट कंपनी से आगे स्कैनिंग का ठेका लेने वाले इस प्राइवेट एजेंट की रेलवे के लुधियाना व मंडल अधिकारियों के साथ सीधी सेटिंग है।

रेल अधिकारियों के ही बनाएं नियम... बिना पुलिस वेरिफिकेशन के जूता पॉलिश वाले भी नहीं कर सकते काम



पार्सल स्कैनिंग की जिम्मेदारी काफी अहम है। क्योंकि इसमें गैर जिम्मेदार व्यक्ति की एक भी गलती रेल की संपत्ति और आम जीवन को खतरे में डाल सकती है। रेल अधिकारियों द्वारा ही बनाए गए नियम की बात की जाए तो रेलवे परिसर में जूता पॉलिश करने वाला साहब भी बिना पुलिस वेरिफिकेशन के अंदर नहीं घुस सकता। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर या फिर ट्रेन के अंदर अगर किसी ने खाना परोसना है तो उसकी भी पुलिस वेरिफिकेशन होकर पास बनता है। सबसे बड़ा और अहम है कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर फूड की डिलीवरी करने वाले स्विग्गी और जोमैटो जैसे डिलीवरी बॉय को भी अपनी पुलिस वेरिफिकेशन देकर रेल अधिकारियों से पास बनवाना पड़ता है तो फिर स्कैनिंग वाले विभाग को इतनी बड़ी छूट कैसे दी जा सकती है।

अधिकारी बोले- पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य

विभाग के ही अधिकारियों के मुताबिक पुलिस वेरिफिकेशन कराना अति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अगर कोई आपराधिक गतिविधि वाला व्यक्ति बिना पुलिस वेरिफिकेशन के स्टेशन के ठेकेदार के पास काम कर रहा हो तो वह किसी भी अनहोनी घटना को वारदात दे सकता है। अगर हर व्यक्ति की पुलिस वेरीफिकेशन हुई हो तो यह पता लगता है कि वह किसी आपराधिक मामले में नामजद है या नहीं और उसका पुलिस रिकॉर्ड क्या है। नियमों की बात करें तो किसी भी सरकारी संस्थान में बिना पुलिस वेरीफिकेशन के काम करना भी अवैध माना जाता है और उस पर और उसके ठेकेदार पर बनती कानूनी कार्रवाई भी होती है।

▮ *सामान स्कैनिंग के बाद जो लोग पार्सल पर स्टैंप लगते हैं उनकी पुलिस वेरिफिकेशन नहीं है जबकि बाकी लोगों की है। स्टैंप लगाने वाले लोग प्राइवेट हैं और उनकी वेरिफिकेशन जरूरी नहीं है।*

-रविंदर ठाकुर, प्राइवेट एजेंट ठेकेदार

त्योहारी सीजन शुरू मेलों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर रहेगी पुलिस की तीखी नजर, रात की गश्त भी बढ़ाई

10 मिनट में शिकायत समाधान का प्रयास : डीसीपी सुरक्षा को 24 घंटे हाजिर रहेंगे : एडीसीपी ट्रैफिक

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

त्योहारी सीजन के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लुधियाना पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बस स्टैंड के पास डीसीपी अरविंद मित्रा और एडीसीपी ट्रैफिक सुखविंदर सिंह ने ट्रैफिक पुलिस, पीसीआर बाइक और पीसीआर गाड़ियों में तैनात पुलिस मुलाजिमों के साथ बैठक कर उन्हें विशेष दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अगले एक महीने तक शहर के विभिन्न इलाकों में दिन और रात के समय गश्त बढ़ाई जाएगी। इसके लिए 85 पेट्रोलिंग वाहनों को तैनात किया गया है, जो अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखेंगे। एडीसीपी ट्रैफिक सुखविंदर सिंह ने कहा कि शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगने वाले मेलों, बाजारों, पार्कों, गुरुद्वारों और मंदिरों के आसपास पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। भीड़भाड़ वाले इलाकों





में पुलिस मुलाजिमों की तैनाती बढ़ाने के साथ-साथ नाकाबंदी और रात की पेट्रोलिंग भी तेज की जा रही है। पीसीआर टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने निर्धारित क्षेत्रों में लगातार गश्त करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, लोगों से भी अपील की गई है कि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दें। शहर में मेले और अन्य कार्यक्रम आयोजित होने के मद्देनजर पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि लुधियाना के प्रमुख पार्कों, सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस मुलाजिम नियमित रूप से गश्त करें। संवेदनशील स्थानों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जाए। इसके साथ ही रात के समय पेट्रोलिंग बढ़ाने और पीसीआर टीमों को अपने निर्धारित इलाकों में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, बैठक में शहर के गुरुद्वारों और मंदिरों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पुलिस मुलाजिमों को निर्देश दिए कि वे संबंधित गुरुद्वारों के प्रधानों और मंदिरों के प्रबंधकों के साथ संपर्क बनाए रखें। धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जाए और जरूरत के अनुसार गुरुद्वारों में गोलक के नजदीक तथा मंदिरों में दानपात्रों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रबंधन से बातचीत की जाए। इसके अलावा, धार्मिक स्थलों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और रात के समय विशेष गश्त करने के निर्देश दिए गए।

112 पर शिकायत मिलते ही तुरंत पहुंचेगी पुलिस

अधिकारियों ने पुलिस मुलाजिमों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन नंबर 112 पर मिलने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और तुरंत कार्रवाई की जाए। शिकायतों का समाधान 10 मिनट के भीतर करने का हरसंभव प्रयास किया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर आवश्यक जांच की जाए। जांच में किसी व्यक्ति के गलत गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

14 वर्षीय किशोरी से यौन शोषण का आरोप, आरोपी की तलाश तेज

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

महानगर में 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने पहले किशोरी को अपने जाल में फंसाया और फिर जबरन शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे बदनाम करने और जान से मारने की धमकियां देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर थाना हैबोवाल पुलिस ने आरोपी भावेश कुमार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दिए बयान में पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी बेटी पिछले करीब एक सप्ताह से डरी-सहमी और मानसिक रूप से परेशान थी। शिकायत के मुताबिक, करीब चार से पांच महीने पहले किशोरी की पहचान भावेश कुमार से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच घर के मोबाइल फोन से बातचीत होने लगी। आरोप है कि 28 सितंबर की रात भावेश ने किशोरी पर मिलने के लिए दबाव बनाया। उस समय परिवार के सदस्य घर से बाहर थे। शिकायत के अनुसार, आरोपी घर पहुंचा और किशोरी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह कथित तौर पर उसे बदनाम करने और जान से मारने की धमकियां देकर ब्लैकमेल करने लगा।

1208 कर्मचारियों में से 90 फीसदी के डमी होने का संदेह, मेयर मैडम पूरी सूची सार्वजनिक करें : गोशा

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज



भाजपा नेता गुरदीप सिंह गोशा ने लुधियाना नगर निगम में 1208 कर्मचारियों की भर्ती और तैनाती को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए मेयर मैडम से मांग की है कि इन सभी कर्मचारियों की पूरी सूची सार्वजनिक की जाए।

गोशा ने आरोप लगाया कि इन 1208 कर्मचारियों में से लगभग 90 प्रतिशत के डमी होने का संदेह है। उन्होंने कहा कि विधायकों और मेयर के चहेतों तथा रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाए जाने को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब नगर निगम प्रशासन को देना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सभी कर्मचारियों के नाम, वार्ड के अनुसार तैनाती, उपस्थिति और ड्यूटी के रिकॉर्ड की जांच करवाई जाए। उन्होंने सफाई के ठेके को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सफाई के नाम पर गलत कंपनी को ठेका देने और कथित तौर पर अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के संदेह को दूर करने के लिए ठेका देने की पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक की जानी चाहिए। कंपनी की योग्यता, ठेके की शर्तों, किए गए भुगतानों और जमीनी स्तर पर हो रहे सफाई कार्य की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर झोटा की हत्या चिंताजनकः मनोज कुमार झा

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की मानसा में हुई हत्या पर भारतीय जनता



पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए घटना की निंदा की है।

उन्होंने इस वारदात को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बताते हुए पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। मनोज कुमार झा ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले व्यक्ति की हत्या की खबर ने मन को व्यथित कर दिया है। पंजाब में नशे जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के विरुद्ध आवाज उठाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। यदि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग ही सुरक्षित नहीं हैं, तो यह राज्य की कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस हत्याकांड में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई होना जरूरी है, जिससे समाज में कानून के प्रति विश्वास कायम रहे और अपराधियों को कड़ा संदेश जाए। मनोज कुमार झा ने कहा कि पंजाब को नशामुक्त बनाना और राज्य के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सराफा बाजार की नलके वाली गली में देर रात धमाका, सीसीटीवी में कैद हुआ युवक






अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज

महानगर के सराफा बाजार स्थित नलके वाली गली में सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे बम जैसी वस्तु में आग लगाने के बाद जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज से इलाके में अफरातफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। घटनास्थल पर धुआं उठता देख पुलिस को सूचना दी गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के कई घरों की दीवारों में दरारें आने की बात सामने आई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही पीसीआर कर्मी व थाना डिवीजन नंबर चार की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस को घटनास्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिली है, जिसमें एक युवक फोन पर बात करते हुए गली में आता दिखाई दे रहा है। फुटेज के मुताबिक, युवक दीवार के पास एक वस्तु रखकर उसमें आग लगाता है और वहां से फरार हो जाता है। उसके जाने के कुछ ही देर बाद धमाका हो जाता है।

चोरों का आतंक जारी; घर के बाहर खड़ी कार के 3 टायर चोरी, लगातार वारदात से दहशत

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज



महानगर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि घर के बाहर खड़ी कार भी सुरक्षित नहीं रह गई है। सोमवार देर रात तीन अज्ञात बदमाश दूसरी i20 कार में सवार होकर पहुंचे और घर के बाहर खड़ी एक अन्य i20 कार के टायर खोलने लगे। आरोपी करीब 25 से 30 मिनट तक बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देते रहे और तीन पहिए खोलकर ले गए।

चौथा टायर खोलते समय राहगीरों की नजर उन पर पड़ गई। लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी अपनी कार लेकर फरार हो गए। राहगीरों ने स्विफ्ट और वैगनआर कारों से करीब दो किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार से भाग निकले। वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। विक्की मेडिसिन मार्केटिंग का काम करते हैं। उन्होंने रोजाना की तरह अपनी आई20 कार घर के बाहर खड़ी की थी।

परिवार ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, जिसमें आरोपी वारदात करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस को सूचना दे दी गई है। अब पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और उनकी कार का नंबर पता लगाने में जुटी है।

शादी के पांच महीने बाद नवविवाहिता ने की आत्महत्या, पति और सास गिरफ्तार

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज

नवविवाहिता को कथित रूप से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। शादी के महज पांच महीने बाद 26 वर्षीय सोनी ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतका की मां चंदा देवी के बयानों के आधार पर पुलिस ने पति संदीप और सास सुमन कौर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दिए बयान में मृतका की मां चंदा देवी ने बताया कि उनकी बेटी सोनी की शादी करीब पांच महीने पहले संदीप के साथ धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। आरोप है कि शादी के शुरुआती दो महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद सोनी को ससुराल में छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान किया जाने लगा। मृतका की मां के अनुसार, सोनी ने कई बार फोन पर बताया था कि उसका पति और सास उसके साथ कथित तौर पर मारपीट करते हैं और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

आरोप है कि उस पर घर में चोरी करने जैसे झूठे आरोप भी लगाए जाते थे, जिससे वह काफी परेशान रहने लगी थी। परिवार ने बेटी का घर बसाए रखने के उद्देश्य से उसे समझाकर शांत रहने की सलाह दी थी। शिकायत के मुताबिक, 11 अक्टूबर को भी सोनी के साथ कथित रूप से मारपीट की गई और उसे ताने दिए गए। इसके अगले दिन 12 अक्टूबर को सोनी ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पंजाब की आप सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा करने में विफल रही : रवनीत बिट्टू

सिविल अस्पताल जाने के दौरान मानसा पुलिस ने हिरासत में लिया



दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को आज मानसा पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे मानसा के सिविल अस्पताल में गोलीकांड में घायल हुए लोगों का हालचाल जानने पहुंचे थे। इस घटना में परविंदर झोट्टा की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए बिट्टू ने पंजाब की भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार को आम नागरिकों की जान की सुरक्षा करने में विफल रहने के लिए जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने राज्य में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था और नशे के बढ़ते कारोबार पर चिंता जताते हुए सवाल उठाया कि बार-बार चेतावनी देने और शिकायतें मिलने के बावजूद नशे की खुलेआम बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। बिट्टू ने कहा कि परविंदर झोट्टा ने खुले तौर पर नशा तस्करी के खिलाफ आवाज उठाई थी और नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान छेड़ने का ऐलान किया था। इस अभियान से जुड़े संभावित खतरों के बावजूद गंभीर सवाल यह है कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा क्यों नहीं दी गई और नशे के कारोबार में कथित रूप से शामिल लोगों के खिलाफ प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में क्यों विफल रहा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि तीन जिलों के लिए केवल एक मेडिकल इंस्पेक्टर तैनात है। उन्होंने सवाल किया कि जब कथित तौर पर आवश्यक प्रवर्तन अमला ही पर्याप्त नहीं है, तो सरकार नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश कैसे लगाएगी।

उन्होंने पंजाब सरकार से स्पष्टीकरण मांगा और स्वास्थ्य मंत्री की जवाबदेही पर भी सवाल उठाए। यदि नशे की खुलेआम बिक्री को लेकर शिकायतें की जा रही थीं, तो प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में असमर्थ क्यों रहा? जब लोग खुलेआम इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे थे, तब कार्रवाई करने वाली सरकारी मशीनरी कहां थी? नशा तस्करी के खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकियों का सामना करने के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा क्यों नहीं दी गई।

डीएमसीएच ने लगाए 10 लाख पौधे, बनाया रिकॉर्ड



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) की ओर से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को डुमरा ऑडिटोरियम में 'सेव द प्लैनेट' पहल के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लुधियाना के उपायुक्त हिमांशु जैन, आईएएस, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान संस्थान की ओर से मात्र 11 महीनों में 10 लाख पौधे लगाने की उपलब्धि को रेखांकित किया गया। चिकित्सा संस्थान द्वारा सर्वाधिक पौधारोपण करने की उपलब्धि के लिए डीएमसीएच को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से भी मान्यता प्रदान की गई है।

कार्यक्रम में डीएमसीएच मैनेजिंग सोसाइटी के सचिव बिपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश वर्मा, प्रिंसिपल डॉ. जीएस वांडर, डीन एकेडमिक्स डॉ. संदीप कौशल, चीफ कार्डियोलॉजिस्ट एवं समन्वयक डॉ. बिशव मोहन, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. संदीप शर्मा और डॉ. अश्वनी के. चौधरी तथा एडिशनल मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आशिमा तनेजा सहित प्रबंधन के अन्य सदस्य मौजूद रहे। होशियारपुर की उपायुक्त आशिका जैन ने भी इस पहल को अपना समर्थन दिया।

सफाई विवाद सुलझा, पार्षद निधि गुप्ता को आप का नोटिस

मेयर कैंप हाउस की बैठक में सीएसआई नीशु घई ने मानी गलती, एक सप्ताह में कर्मचारियों के तबादले का आश्वासन

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

निगम के जनरल हाउस में वार्ड की सफाई का मुद्दा उठाने को लेकर आम आदमी पार्टी की पार्षद निधि गुप्ता और चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर (सीएसआई) नीशु घई के बीच हुआ विवाद मंगलवार को मेयर कैंप हाउस में हुई बैठक में सुलझ गया। बैठक में वार्ड की सफाई संबंधी समस्याओं पर चर्चा हुई।

निधि गुप्ता के अनुसार, नीशु घई ने अपनी गलती स्वीकार की और समस्याओं के जल्द समाधान का भरोसा दिया। वहीं, विवाद के बीच आम आदमी पार्टी की ओर से निधि गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने से राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है।

▪ जनरल हाउस में सफाई के मुद्दे पर हुई थी बहस...

सोमवार को नगर निगम के जनरल हाउस की बैठक के दौरान वार्ड की सफाई का मुद्दा उठाने पर निधि गुप्ता और सीएसआई नीशु घई के बीच बहस हो गई थी। इसके बाद कर्मचारी पक्ष की ओर से अश्वनी सहोता, विजय दानव और नीशु घई ने आरोप लगाया कि बैठक में अधिकारियों के साथ अनुचित भाषा का इस्तेमाल किया गया और तू-तड़ाक की गई। उनका कहना था कि कर्मचारी सरकार से वेतन लेकर अपनी ड्यूटी करते हैं, इसलिए अधिकारियों और कर्मचारियों के मान-सम्मान का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने लिखित शिकायत देने की बात भी कही।

▪ पहले कैंप हाउस जाने से किया था इन्कार

विवाद के बाद निधि गुप्ता ने शुरुआत में मेयर कैंप हाउस जाने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि मेयर और निगम कमिश्नर को जोन-डी में आकर वार्ड की समस्याएं सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपने लिए नहीं, बल्कि वार्ड के लोगों के लिए आवाज उठा रही हैं। यदि वार्ड में सफाई नहीं होगी तो वह जनरल हाउस में यह मुद्दा उठाती रहेंगी। उनका आरोप था कि कर्मचारियों को सफाई संबंधी सवालों का जवाब देना चाहिए था, लेकिन वे जवाब देने के बजाय बैठक छोड़कर चले गए। पार्षद गौरव भट्टी भी उनके समर्थन में जोन-डी पहुंचे। बाद में निधि गुप्ता दोपहर करीब एक बजे के बाद मेयर कैंप हाउस की बैठक में शामिल हुईं। निधि गुप्ता के अनुसार, बैठक में मेयर इंदरजीत कौर, निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार, सीएसआई नीशु घई, विजय दानव, अश्वनी सहोता, जोनल कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों और अमनदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी व पार्षद मौजूद रहे। बैठक में वार्ड की सफाई से जुड़ी समस्याएं रखी गईं। इस दौरान नीशु घई ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए समस्याओं का जल्द समाधान करने का भरोसा दिया।



ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह समर। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155